an>

Title: Need to run Lok Manya Tilak Express train daily and also reschedule the arrival-departure time of the train.

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : हिंगोली महाराष्ट्र का पिछड़ा हुआ जिला हे। भगवान शिव जी के 12 ज्योर्तिलिंगों में से एक ज्योर्तिलिंग श्री औढा नागनाथ मेरे क्षेत्र में आता है। यहां देश भर से हर साल एक करोड़ भक्त दर्शन के लिए आते हैं। इसके साथ ही श्री संत नामदेव जी जिन्होंने कीर्तन के माध्यम से भागवत धर्म पंजाब पहुंचाया, उन महान संत का जन्मस्थल नर्सीनामदेव भी इसी क्षेत्र में आता है और यहां पर पंजाब से लाखों भक्तगण दर्शन के लिए आते हैं। इन धार्मिक क्षेत्र से आने वाले भक्तों को मुंबई जाने के लिए हिंगोली से हफ्ते में केवल अंजनी (नागपुर) लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस रेल है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस दुर्गम जिले से मुंबई जाने के लिए इस रेल को प्रतिदिन शुरू किया जाए इससे आने वाले भक्तों को होने वाली असुविधा दूर हो जाएगी। इसके साथ ही यह रेल शाम 7 बजे हिंगोली से निकलकर सुबह 7 बजे तक मुबई पहुंचे इस तरह का बदलाव रेल की समय सारणी में किया जाए।